# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

03 नवंबर 2023, शुक्रवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा कबीरधाम, छत्तीसगढ़ में आयोजित 'विजय संकल्प महारैली' में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**छत्तीसगढ़ की जनता ने इस चुनाव में नक्सलवाद एवं भ्रष्टाचार को ख़त्म करने और बदहाल क़ानून-व्यवस्था की स्थिति में बदलाव लाने के लिए डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बनाने का मन बना लिया है।**

***************************

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए 5 सालों में छत्तीसगढ़ में ढेर सारे घोटाले किए। इनको देखते ही पूरे छत्तीसगढ़ का युवा कहता है "30 टका भूपेश कका।**

***************************

**भूपेश बघेल कांग्रेस के प्रीपेड सीएम हैं, जिसे स्वाइप करके एटीएम से छत्तीसगढ़ के हजारों करोड़ रुपए निकाल कर दिल्ली के एक दरबार में चढ़ाये गए। लेकिन अब इस प्रीपेड सीएम की वेलिडिटी और उसका टॉकटाइम समाप्त होने वाला है।**

***************************

**कांग्रेस की भूपेश सरकार ने दलित और आदिवासी युवाओं से पीएससी नौकरियां छीनकर अपने चट्टे-बट्टों को दी, जिसके खिलाफ युवाओं को नग्न होकर प्रदर्शन करना पड़ा।**

***************************

**दलित व जनजातीय युवाओं की नौकरियों को बेचने वाली बघेल सरकार को शर्म आनी चाहिए।**

***************************

**छत्तीसगढ़ सरकार के खजाने पर गरीब, दलित और आदिवासियों का अधिकार था, मगर भूपेश बघेल ने इसे एटीएम बनाकर भाई-बहन (राहुल गांधी-प्रियंका गांधी) के चरणों में रख दिया।**

***************************

**कांग्रेस को आदिवासी और पिछड़ा समाज से लूटे पैसे और अवसरों की पाई-पाई का हिसाब देना पड़ेगा।**

***************************

**छत्तीसगढ़ में सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करके गरीब आदिवासियों का धर्मांतरण किया जा रहा है।**

***************************

**30 टका, भूपेश कका ने 2 हजार करोड़ का शराब घोटाला, 540 करोड़ का परिवहन घोटाला, 1300 करोड़ का गौठान घोटाला, 600 करोड़ का पीडीएस घोटाला, 5 हजार करोड़ का महादेव ऐप घोटाला और यहां तक कि गोबर घोटाला भी कर दिया।**

**भूपेश सरकार ने कोरोना फंड में घोटाला किया, आदिवासी क्षेत्रों के लिए बने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड में 700 करोड़ रुपये का घोटाला किया। और भी कई घोटाले सामने आने बाकी हैं।**

***********************

**कांग्रेस ने 1 लाख 80 हजार संविदा कर्मियों को स्थायी करने, महतारी सम्मान योजना में हर महीने 500 रुपये देने, हर साल 4 मुफ्त गैस सिलेंडर देने, 5000 शिक्षकों की भर्ती करने, राज्य में पूर्ण शराबबंदी, बिजली बिल आधा करने, सिंचाई क्षेत्र पांच साल में दोगुना करने, 1000 बेड का नया अस्पताल बनाने का वादा किया था, लेकिन कुछ नहीं किया, सिर्फ भ्रष्टाचार किया।**

***********************

**मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ में 40 लाख किसानों को हर साल 6000 हजार रुपए दिए, 33 लाख परिवारों के घर में नल से जल पहुंचाया, 2 करोड़ से ज्यादा लोगों का निशुल्क उपचार किया और 30 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को शौचालय बनाकर दिया, 35 लाख से ज्यादा गरीब माताओं को उज्ज्वला का गैस कनेक्शन दिया, 11 लाख गरीबों को आवास दिए और आईआईटी देने का काम भी किया।**

***********************

**कांग्रेस पार्टी 70 साल से राम मंदिर को अटका रही थी, भटका रही थी, लटका रही थी मगर आदरणीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वहां जाकर भूमि पूजन किया और 22 जनवरी को मोदी जी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा भी करने वाले हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम में आयोजित विशाल 'विजय संकल्प महारैली' को संबोधित किया और छत्तीसगढ़ की जनता से भ्रष्टचारी और घोटालेबाज कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए विकास के प्रति समर्पित भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत से डबल इंजन वाली सरकार बनाने की अपील की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री अरुण साव, पंडारिया प्रत्याशी बहन भावना बोहरा, प्रत्याशी श्री ईश्वर साहू, श्री राणा रणधीर सिंह, सांसद श्री संतोष पांडेय, श्री संजय श्रीवास्तव, श्री अशोक साहू, श्री सियारम साहू, श्री मोतीराम चंद्रवंशी, श्री रामकुमार भट्ट, ठाकुर श्री रघुराज सिंह और श्री योगी अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ पार्टी नेता उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि आप सभी जब अपना वोट डालने जाएँ, तब किसी विधायक को चुनने के लिए, किसी विधायक को मंत्री बनाने के लिए अपना वोट मत देना। आपका वोट छत्तीसगढ़ का भविष्य सँवारने के लिए है। आपका वोट भुनेश्वर साहू को न्याय दिलाने के लिए है। छत्तीसगढ़ के भविष्य को सँवारने के लिए आपका वोट सहायक सिद्ध होगा। आपका वोट आदिवासी क्षेत्र से नक्सलवाद को समाप्त कर विकसित क्षेत्र बनाने के लिए है। आपका वोट पिछड़ा समाज के पूरे क्षेत्र को मोदी जी की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए है, जिस विकास यात्रा को मुख्यमंत्री बघेल रोक कर बैठें हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पंडरिया से बहन भावना बोहरा को टिकट दिया है, पंडरिया में बहन भावना न केवल जिला पंचायत की सदस्य हैं, बालिकाओं को पढ़ाने के लिए काम करती हैं। साथ ही, कांग्रेस की बघेल सरकार के तुष्टीकरण की वोट बैंक की राजनीति के खिलाफ बहुजन समाज की रक्षा करने का काम भी बहन भावना करती है। वह पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना, निःशुल्क रक्त मुहैया करवा कर उनकी स्वास्थ्य की जानकारी लेना और कबीरधाम जिला पंचायत में हर गांव में विकास के कामों को रफ़्तार देने का काम कर रही हैं। मैं आज आपको विनती करने आया हूँ कि बहन भावना को कबीरधाम से बाहर निकालकर पूरे पंडरिया का विकास करने का मौका आप दीजिए। श्री ईश्वर साहू को जब मैंने संदेश भेजा था, तो वे इंकार करते थे कि मुझे चुनाव नहीं लड़ना है, यह मेरा स्वभाव नहीं है। हमने ईश्वर साहू से आग्रह किया कि आपको लड़ना पड़ेगा, लड़कर समग्र छत्तीसगढ़ में भुनेश्वर साहू के साथ जो अन्याय हुआ, उसके न्याय की लड़ाई आपको लड़नी पड़ेगी और छत्तीसगढ़ में आगे किसी के साथ

भुनेश्वर जैसा अन्याय न हो, ऐसी सरकार बनाने के लिए काम करना होगा। ईश्वर साहू को जिताने का मतलब है भुनेश्वर जैसे कई बच्चों को तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे दलों और लोगों से सुरक्षित करना।

श्री शाह ने कहा कि **छत्तीसगढ़ सरकार की तिजोरी और खजाने पर अधिकार छत्तीसगढ़ के दलित, आदिवासी और पिछड़ों का होना चाहिए लेकिन भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ के खजाने को एटीएम बना कर दिल्ली के भाई-बहन के चरणों में डालने का काम कर रहे हैं और छत्तीसगढ़ को लूटने का काम कर रहे हैं।** जिनके मन में अपने प्रदेश की गरीब जनता के लिए भलाई न बसी हो, अपने प्रदेश की गरीब जनता के विकास करने की जगह जो व्यक्ति अपनी राजनीति का विकास करना चाहता हो तो वो छत्तीसगढ़ का कभी भला नहीं कर सकता। छत्तीसगढ़ को आगे नहीं बढ़ा सकता। इसलिए मैं कहता हूँ **भूपेश बघेल सरकार कांग्रेस का बनाया हुआ प्रीपेड सीएम है और गलती से भी भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बन गए तो जो प्रीपेड कार्ड को कांग्रेस रोज स्वाइप करेगी और एटीएम से हजारों करोड़ रुपए निकाल कर ले जाएगी। अगर सारा पैसा दिल्ली चला जाएगा तो छत्तीसगढ़ का विकास कैसे होगा?** भाजपा ने जो 15 साल में यहाँ विकास किया था, उसकी उल्टी गंगा बहाने का काम भूपेश बघेल सरकार ने पिछले 5 साल में किया है। **इस सीएम की वैलिडीटी इतनी ही है, जितने टाइम इनका प्रीपैड कार्ड स्वाइप होता रहेगा। जैसे प्रीपैड सिम कार्ड, पैसा खत्म होते ही बंद हो जाता है, वैसे ही पैसा खत्म होते ही सीएम का टाइम समाप्त हो जाएगा। सीएम बघेल ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए 5 सालों में ढेर सारे घोटाले किए। इनको देखते ही पूरे छत्तीसगढ़ का युवा कहता है "30 टका भूपेश कका"।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भूपेश सरकार ने 2000 करोड़ रुपये का शराब घोताला किया, 540 करोड़ का कोयला परिवहन घोटाला किया, 1980 से राजनीति में होने के बाद भी मैंने आज तक गाय के गोबर में पैसा खाने वाला आदमी अपने जीवन में नहीं देखा, यह तो गाय के गोबर में भी पैसा खा गए। इन्होंने 1300 करोड़ का गौठान घोटाला किया, 600 करोड़ का पीडीएस घोटाला किया, 5000 करोड़ का महादेव एप घोटाला किया, पब्लिक सर्विस कमीशन में घोटाला किया। भूपेश बघेल सरकार ने पैसा लेकर योग्य युवाओं को नौकरी न देकर अपने चट्टे-बट्टे को नौकरी दी, जिसका विरोध दलित युवाओं को निर्वस्त्र होकर रायपुर में रैली निकाल कर करना पड़ा। धिक्कार है भूपेश सरकार, शर्म आनी चाहिए।** गरीबों का पैसा लेकर उनकी नौकरियां बेच रहे हैं और यह पैसा अपने उन अफसरों को जाता है, जो जेल में है। इनको डर है कि जेल में बंद माताजी अपना मुंह न खोल दे नहीं, तो भूपेश बघेल का नाम बाहर आ जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि **भूपेश सरकार ने कोरोना के फंड में घोटाला किया, डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फंड के 700 करोड़ जो ट्राइबल क्षेत्र के लिए आए थे उसका घोटाला किया और कई सारे घोटाले अभी बाहर आना बाकी हैं। मैं आज पंडरिया में कह कर जाता हूँ कि भूपेश बघेल की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है और सरकार बनते ही, कांग्रेस सरकार ने जो पाई-पाई आदिवासी और पिछड़ा समाज की खाई है, उस पाई-पाई का हिसाब देना पड़ेगा यह भारतीय जनता पार्टी का वादा है। जिस-जिस ने करप्शन किया है हम सभी को एक जांच आयोग बैठाकर प्रस्थापित केस रजिस्टर कर, उनकी जांच कर कानूनी तरीके से जेल की सलाखों के पीछे डालने का कार्य भाजपा सरकार करेगी। भूपेश बघेल की सरकार वादा खिलाफी की सरकार है, इन्होंने कहा था कि 10 दिन के अंदर 1,80,000 संविदा कर्मियों को परमानेंट कर देंगे, महतारी सम्मान योजना में हर महीने 500 रुपये देने का वादा, प्रतिवर्ष 4 गैस सिलिन्डर मुफ़्त देने का वादा, 5000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। भूपेश बघेल ने कहा था कि राज्य में पूर्ण शराबबंदी करेंगे, बिजली का बिल आधा करेंगे, सिंचाई का रकवा पाँच साल में दोगुना करेंगे, 1000 बेड के नए अस्पताल ट्राइबल क्षेत्र में बनाएंगे, ये सारे वादे किये पर पूरा एक भी नहीं किया, भ्रष्टाचार किया। सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ गया, नक्सलवाद बढ़ गया, महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया**, कानून-व्यवस्था को ध्वस्त कर भूपेश बघेल सरकार ने समाप्त कर हजारों करोड़ के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने का काम किया है। भ्रष्टाचार करने वाली सरकार, गरीबों की दुश्मन, कांग्रेस के पंजे को छत्तीसगढ़ से हटाना है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भूपेश बघेल से सवाल पूछो तो हमसे पूंछते हैं कि आपने क्या किया, मैं एक-एक कर बताता हूँ कि भाजपा सरकार ने क्या किया है। **भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 40 लाख किसानों को हर साल 6,000 हजार रुपया देकर 7,000 करोड़ रुपया सीधा किसान के बैंक अकाउंट में डाला, 33 लाख परिवारों को जल-जीवन मिशन से घर में नल से**

**जल पहुचाने का काम किया, 2 करोड़ से ज्यादा लोगों को सारा स्वास्थ्य का खर्चा निशुल्क किया और 30 लाख से ज्यादा माताओं बहनों को शौचालय बनाकर सम्मान देने का काम किया है। 35 लाख से ज्यादा गरीब माताओं को उज्ज्वला का गैस कनेक्शन देने का कार्य, 11 लाख गरीबों को आवास देने का काम और आईआईटी देने का भी काम मोदी सरकार ने किया है।**

श्री अमित शाह ने भूपेश सरकार पर ताना कसते हुए कहा कि **10 साल तक सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में आपकी (कांग्रेस) सरकार केंद्र में थी, इन 10 सालों में सरकार ने 77 हजार करोड़ रुपया छत्तीसगढ़ को दिया था। मोदी जी ने 9 साल में 77 हजार करोड़ से बढ़ाकर 3 लाख रुपया छत्तीसगढ़ के विकास के लिए देने का काम किया, पर यह पैसा गाँव तक पहुँचा ही नहीं, खा लिया गया। हमारी सरकार ने नए 2300 मोबाईल टॉवर बनवाए, 9 हजार करोड़ की 33 राजमार्ग योजनाएँ लाए, 42 एकलव्य स्कूल बनवाए, 500 मेगावाट का बिजली का कारखाना डाला, 2 ट्राइब शोरूम शुरू किये और 162 करोड़ की लागत से रायपुर हवाई अड्डे का उन्ननयन करने का भी कार्य श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भूपेश बघेल को चुनौती देते हुए कहा कि आप हमारा क्या हिसाब मांगते हो, अगर हिम्मत है तो आपके (कांग्रेस) और हमारे (भाजपा) के काम एक मंच पर खुली चर्चा रख दो, हमारा एक युवा मोर्चा का कार्यकर्ता आकर खड़ा हो जाएगा, हम चर्चा से नहीं डरते। भूपेश सरकार की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा कि **छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के लिए भूपेश सरकार से लगभग सात गुना ज्यादा पैसा मोदी जी ने किसानों के अकाउंट में डाला है। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार केवल झूठे लोगों की सरकार है। इन्होंने वन अधिकार पट्टा नहीं दिया। भाजपा सरकार ने 5 सालों में 4 लाख से ज्यादा वन अधिकार पट्टा दिया था, इन्होंने मात्र 56,000 दिया है। तेंदु पत्ता में भी इनकी सरकार ने बहनों की चरण पादुका योजना बंद कर दी और 2 साल में सिर्फ 23 लाख मानांक बोरा ही खरीदा है। हमारे मुख्यमंत्री श्री रमन सिंह के अंतिम दो वर्षों में हमने 32 लाख मानांक बोरा तेंदु पत्ता खरीदा था और बोनस भी दिया था जबकि कांग्रेस ने चार साल से कोई बोनस नहीं दिया है।**

श्री शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस के राज में **छत्तीसगढ़ में दिन दोगुना रात चौगुना धर्मांतरण बढ़ रहा है। कोई भी नागरिक मन से किसी की भी पूजा, किसी की भी उपासना करे इसकी हमारे संविधान में छूट है। मगर, सरकारी मशीनरी का उपयोग कर गरीब आदिवासियों का धर्मांतरण कराने की जो शरुआत की गई है, यह छत्तीसगढ़ के लिए अच्छा नहीं है। घर-घर में, गाँव-गाँव में इसके कारण संघर्ष पैदा हुआ तथा कानून और व्यवस्था की परिस्थिति खराब हुई है। भाजपा सरकार किसी के भी धर्म के मामले में दखल नहीं करेगी लेकिन प्रेरित धर्मांतरण को बिल्कुल कठोरता से रोकने का काम करेगी। मोदी जी ने 23 अलग-अलग जनजातियों को अनुसूचित जनजाति की सूची में डाला, अनुसूचित जनजाति के कल्याण के बजट को जो कांग्रेस के समय में 29 हजार करोड़ था, उसको बढ़ाकर 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपया करने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया।** भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की और ओडिश की गरीब घर की बहन श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को महामहिम राष्ट्रपति बनाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ओबीसी के लिए, पिछड़ों के लिए सबसे ज्यादा काम किया है। आज भारत सरकार की कैबिनेट में 27 मंत्री हैं और उनमें 35% मंत्री पिछड़ा समाज से हैं।** अब तक कांग्रेस ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता नहीं देती थी, **भारतीय जनता पार्टी सरकार ने ओबीसी कामिशन को संवैधानिक मान्यता दी, ओबीसी की सूची को संशोधित करने का अधिकार राज्यों को देने का काम भी नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।** पंचायत में 50% महिलाओं को आरक्षण देने वाला सबसे पहला राज्य हमारे समय में छत्तीसगढ़ बना। महिला मजदूरों को मातृत्व का अवकाश देने वाला पहला राज्य भी छत्तीसगढ़ हमारी ही सरकार में बना। हमारी ही सरकार के समय में एजुकेशन, पावर हब, सीमेंट हब, इस्पात हब, एल्युमिनियम हब बनाने का काम हुआ। एनआईआईटी, आईआईटी, आईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान भी हमारे शासनकाल के दौरान आए। 40 हजार से ज्यादा नए स्कूल बनाए, सभी जिलों में लाइव्लीहुड कॉलेज स्थापित किए और छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर की भी शुरुआत हुई।

श्री शाह ने कहा कि **तुष्टिकरण की राजनीति के कारण कांग्रेस ने आजादी के बाद से लगातार धारा 370 वाले मामले को लटका कर रखा था जबकि हम अपनी स्थापना के समय से ही मांग कर रहे थे कि एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को धाराशायी कर पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोया। कांग्रेस पार्टी 70 साल से प्रभु श्रीराम मंदिर को अटका रही थी, भटका रही थी, लटका रही थी। ये आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का शिलान्यास किया और अब मैं आपको निमंत्रण देने आया हूँ कि 22 जनवरी को मोदी जी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा करने वाले हैं।** कांग्रेस पार्टी ने भारतीय संस्कृति का गौरव कभी नहीं बढ़ाया जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार में भारत का गौरवशाली इतिहास एक बार पुनः जागृत हो रहा है। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार में न केवल प्रभु श्रीराम का मंदिर बन रहा है, बल्कि काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर भी बना है, महाकाल कॉरिडोर और महाकाल लोक बना है, सोमनाथ दादा का मंदिर भी सोने का बन रहा है। **अगर गलती से भी भूपेश कका, 30 टका की सरकार आ गई, तो वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को छत्तीसगढ़ का विकास नहीं करने देंगे, डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बनानी है।**

************************